तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025

12 समर्पित संस्था ने ग्रामीणों को दी वित्तीय साक्षरता की जानकारी



12 राज्य एडवेंचर हाईक और प्राकृतिक अध्ययन में शामिल होने टीम रवाना





B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

### आक्रोशित ग्रामीणों ने सीएमडीसी प्रबंधन पर जताई नाराजगी, सुनाई खरी खोटी

# ग्रामीण 20 दिनों से कर रहे संघर्ष पर नहीं हुई सुनवाई, तब किया गया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

भैंसाकन्हार (क) और भैंसमुंडी के ग्रामीण सीएमडीसी के द्वारा संचालित खदान को लेकर हक पाने के लिए 20 दिनों से लगातार संघर्ष कर रहे है। सीएमडीसी के अधिकारी को ज्ञापन भी दिया, परंतु सुनवाई नहीं होने पर गुस्साए ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों ने चक्काजाम रोकने के लिए पहुँचे अधिकारियों को एक बात भी नहीं सुनी, परंतु कच्चे माइंस में काम करने वाले कुछ लोग ग्रामीणों का विरोध करने पहुँचे, परंतु ग्रामीण अपनी माँगो पर अडिग रहे। प्रशासन के आश्वासन के उपरांत ही ग्रामीण सड़क से हटे।

- ग्रामीणों ने कहा कि 20 दिनों से ज्ञापन देते आ रहे, परंतु सीएमडीसी मौन साध लिया था
- आदिवासी विकास समिति की कार्यशैली पर उठाए सवाल

जानकारी के अनुसार चक्काजाम पर डटे ग्रामीणों ने कहा कि सीएमडीसी माइंस भैंसाकन्हार के क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा 1 जुलाई 2025 से लौह अयस्क परिवहन के साथ मजदूरों की भर्ती का आश्वासन दिया था, परंतु न तो भर्ती की गई और न ही ग्रामवासियों को कोई जानकारी दी गई और कार्य को चालू कर दिया। सीएमडीसी के इस रवैया से आक्रोशित होकर भैंसाकन्हार (क) और भैंसमुंडी ▸▸ शेष पेज 10 पर





#### आदिवासी विकास समिति पर भी उठे सवाल

ग्रामीणों का आरोप है कि आदिवासी विकास समिति द्वारा मजदूरों के नामों में पक्षपात किया गया है। समिति को स्पष्ट निर्देश थे कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्राथमिकता दी जाए और ट्रक स्वामियों को नौकरी न दी जाए, परंतु इन नियमों की अनदेखी कर दी गई, जिससे ग्रामीणों का समिति से भी भरोसा उठ गया और चक्काजाम के दौरान समिति को भंग करने की माँग भी उठी।

#### प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद अस्थायी समाधान

प्रशासन द्वारा कच्चे ग्राम के सरपंच, आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष व सदस्यों को मौके पर बुलाया गया। कई दौर की बातचीत के बाद यह निर्णय लिया गया कि सभी प्रभावित ग्रामों की संयुक्त बैठक कर आगे की कार्यवाही तय की जाएगी। इस आश्वासन पर ग्रामीणों ने लगभग दो घंटे चले चक्काजाम को समाप्त किया।



#### दस्तावेज सुधार की माँग करें पूरा

भैसाकन्हार के सरपंच रमल कोर्राम ने मांग किया है कि माइंस का नाम रिकॉर्ड में भैसाकन्हार ग्राम के नाम पर हो और मुख्यग्राम का दर्जा भी कच्चे की बजाय भैंसाकन्हार किया जाए। प्रभावित गांव भैंसाकन्हार (क) और भैंसमुंडी से मजदूर पहले लिए जाएं। हमारी माँग जब तक पूरा नहीं होता है, तब तक लौह अयस्क परिवहन का काम बंद किया जाए। चक्काजाम करने के बाद सीएमडीसी ने हमारी माँगो पर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## चावंड में सोती महिला पर भालू ने किया हमला गांव में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

नरहरपुर विकासखंड के ग्राम चंवाड़ में बीती रात को सो रही महिला पर भालू ने हमला बोल दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वन विभाग को खबर मिलते ही मदद के लिए टीम अस्पताल भी पहुँची।



जिले के कई ईलाकों में जंगली जानवरों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बीती रात को ग्राम चंवाड़ निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला जानो बाई अपने घर में सो रही थी, तभी रात को भालू घर में घुस आया और अचानक हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग महिला को गंभीर चोटें आई हैं। बुजुर्ग महिला के चिल्लाने पर परिवार के अन्य सदस्य बुजुर्ग महिला को बचाने के लिए आए और घटना की जानकारी वन विभाग को दिया। घटना की जानकारी मिलते ही नरहरपुर थाना पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायल बुजुर्ग महिला को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से तत्काल कांकेर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम इलाज में जुटी हुई है।

#### भालू और तेंदुआ की आवक बनी रहती है

घटना के बाद चवड़ गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस इलाके में भालू और तेंदुआ नजर आते रहते है और इसके पहले भी कई घटनाएं हो चुकी है। ऐसा पहली बार हुआ है कि सो रही महिला पर घर में घुसकर भालू ने हमला बोला है। मामले को वन विभाग ने संज्ञान में लिया और ईलाके में गश्त को बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीणों ने जंगल से सटे गांवों में सुरक्षा उपाय बढ़ाने की भी मांग किया है।

### खबर संक्षेप

#### नदी में डूबने से ग्रामीण की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत नैनी नदी में डूबने से बाजारपारा चारामा निवासी 38 वर्षीय सुरेंद्र यादव का मौत हो गया। चारामा निवासी सकुन बाई यादव ने पुलिस को बताया कि 19 जुलाई को मृतक नदी में मछली पकड़ने के लिए जाने की बात कहकर निकला था, परंतु दोपहर 3 बजें उसका शव गिरहोला के पुल के पास नैनी नदी में मिलने की खबर मिली। नदी में डूब जाने से उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

#### चारगांव में सर्पदंश से अधेड़ की हुई मौत

**कांकेर।** सिकसोड़ थानांतर्गत चारगांव निवासी 45 वर्षीय पत्तीराम आंचले सर्पदंश से मौत हो गया। चारगांव निवासी 35 वर्षीय पत्तुराम आंचले ने पुलिस को बताया कि मृतक 20 जुलाई की रात को खाना खाकर सोया था। अगले दिन सुबह देखा तो मुंह से झाग निकल रहा था। पैर में किसी जहरीले जीव के काटने का निशान था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

#### युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत भिरौद निवासी 21 वर्षीय सूर्या कुमार गोटा ने 20 जुलाई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। युवक द्वारा आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। भिरौद निवासी नरेंद्र कुमार गोटा ने पुलिस को बताया कि मृतक का मानसिक स्थिति ठीक नही था। घूमकर आने की बात कहकर घर से निकला था। वापस नही आने पर पता तालाश किया गया। तभी बबूल झाड़ में उसका शव फांसी पर लटका हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

#### ई-हियरिंग का शुभारंभ 29 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया की अध्यक्षता में 29 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे ई-हियरिंग का शुभारंभ किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कांकेर की अध्यक्ष सुजाता जसवाल ने दी।

#### दुकानदार से की मारपीट, तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** लिलेझर में आटो पार्टस का दुकान चलाने वाले युवक के साथ गांव के तीन युवकों ने मारपीट किया। दुकान बंद कर उसे गांव से चले जाने की बात कहते हुए जान से मारने धमकी दिया और हाथ मुक्का से मारपीट किया। पीड़ित युवक की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे बालोद जिला के पाररास निवासी 24 वर्षीय आशीष श्रीवास्तव पिता स्व. सतीश श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में लिलेझर बाजार चौक में रहकर आटो पार्टस का दुकान चलता हूं। मेरा पड़ोसी हितु घोरापटिया आए दिन तू यहां दुकान क्यों चला रहा है, यहां से चले जा बोलता है। 21 जुलाई को सुबह 10 बजे मेरे दुकान के पास अपने 2 साथियों के साथ आकर मुझे गांव से चले जा बोलकर गाली देने लगा। गाली देने से मना करने पर हाथ मुक्का से मेरे साथ मारपीट करते हुए जान से मार देने की धमकी देने लगा।

## सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में हर हर महादेव की होती रही जयघोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



सावन माह का दूसरा पवित्र सोमवार और कामिका एकादशी का दुर्लभ संयोग सोमवार 21 जुलाई को रहा, जिससे धार्मिक महत्त्व और भी बढ़ गया है। इस विशेष अवसर पर कांकेर जिला एवं ग्रामीण ईलाकों के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। सुबह से ही श्रद्धालु शिव मंदिरों में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। पारंपरिक पूजा के तहत शिवलिंग पर पंचामृत से अभिषेक, बेल पत्र अर्पण और विशेष मंत्रोच्चार किया गया। शिव मंदिरों में हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से गूंज रहे हैं।

जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण ईलाके के मंदिरों में सावन का दूसरा सोमवार होने के चलते सुबह 5 बजे से ही मंदिरों के पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए थे। कांकेर नगर सहित नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ और पखांजूर क्षेत्रों के शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। कई स्थानों पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भजन-कीर्तन करते हुए शिवालयों की ओर कूच किया। हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए थे। पुलिस प्रशासन द्वारा नगर के प्रमुख मंदिरों में पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई थी। युवा और वृद्ध सभी में उत्साह देखते ही बनता था। सावन सोमवार के अवसर पर कई शिव मंदिरों में विशेष रुद्राभिषेक, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया।

ऊपर नीचे रोड के शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष अरूण कौशिक ने बताया कि दूसरे सोमावर को फलों की आकर्षक सजावट के साथ शिव भगवान को सजाया गया था। जलाभिषेक की व्यवस्था भी व्यवस्थित ढंग से की गई थी। कांकेर में सावन के दूसरे सोमवार को भक्ति, श्रद्धा और अनुशासन का अद्वितीय उदाहरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या, प्रशासन की सतर्कता और समाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी ने इस पर्व को सफल और शांतिपूर्ण बनाया।

#### दो शराबियों को पुलिस ने दबोचा, विवेचना जारी

**कांकेर।** जनपद कार्यालय नरहपुर के पास रात को शराब का सेवन करते हुए पुलिस ने दो शराबियों को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को रात 9 बजें आरोपी तामेश्वर मंडावी और संजू ध्रुव दोनो नरहरपुर निवासी सार्वजनिक स्थान जनपद कार्यालय नरहरपुर के पास शराब का सेवन कर रहे थे। आरोपियों के कब्जे से देशी प्लेन शराब, दो डिस्पोजल गिलास और पानी बॉटल को जप्त कर धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## बाकाया वसूली की जानकारी मांगने पर मुंशी ने मालिक की डंडे से की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

बोरवेल गाड़ी से बोर खुदाई का पैसा लेने के लिए बोरवेल वाहन के मालिक ने अपने मुंशी से किसानो से राशि वसूलने की जानकारी लेना चाहा, पहले मुंशी ने वाहन मालिक का नंबर ब्लॉक कर दिया। वाहन मालिक ने मुंशी के बेटे के नंबर पर संपर्क कर बात करना चाहा तो वह नाराज हो गया और वाहन मालिक के घर पहुंच गया और जान से मारने की धमकी देते हुए डंडा से मारपीट कर दिया।

थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे खैरखेड़ा निवासी 41 वर्षीय नीरज कुमार सोरदे पिता मेहत्तर राम सोरदे ने पुलिस को बताया कि मेरा स्वयं का बोरवेल गाड़ी था, जिसे मैंने लगभग 4 माह पहले बेच दिया। राजेन्द्र लोन्हारे उस बोरवेल गाड़ी में मुंशी का काम करता था। मेरे पास जब बोरवेल वाहन था, उस दौरान मुंशी किसानों से बातचीत कर बोर वाहन को संचालन कर बोर खोदाई का काम करता था तथा किसानों से बोर खुदाई के संबंध में स्वयं ही राशि तय कर मुझे बिल के हिसाब से राशि देता था। यदि किसी किसान से राशि लेना शेष रहने से वही खुद जाकर मुताबिक बिल के राशि लेता था। बोरवेल में बोर खुदाई का बकाया राशि मुंशी के द्वारा किसानों से लेना था, इसलिए मैने अपना मोबाईल नंबर से उसके मोबाईल नंबर से विगत एक माह से किसानों से लिए राशि देने के संबंध में फोन कर रहा था, तो वह मेरा फोन नंबर ब्लैक लिस्ट मोड में डाल दिया था। मैं 8 जुलाई को उसके बेटे के नंबर में फोन किया। उसके बेटे को अपने पिता से बात कराने को कहा, उसके लड़के के द्वारा यह बात बताने से इसी बात पर 9 जुलाई को दोपहर साढ़े 3 बजें आरोपी मुंशी राजेन्द्र लोनहारे मेरा ▸▸ शेष पेज 10 पर

## दंतैल हाथी का एक हफ्ते तक अंतागढ़ व दुर्गूकोंदल के कई इलाकों में रहा दहशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गूकोंदल

जिले के दुर्गूकोंदल और अंतागढ़ ब्लॉक के कई इलाकों में एक सप्ताह से दंतेल हाथी आतंक मचाए हुए है और लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर रही है, उसके बाद भी दंतेल आतंक मचाने में कामयाब हो रहा है।

वन विभाग के द्वारा लगातार निगरानी बनाए रखने के बावजूद दंतेल हाथी वन अमले को चकमा देते हुए कई जगहों में ग्रामीण इलाके में घुसकर घरों को तोड़कर धान और महुआ को नुकसान पहुँचा रहा है। विदित हो कि महाराष्ट्र के जंगलो से होते हुए मोहला मानपुर जिले के बसेली चाहपाल तरफ से होते हुए 15 जुलाई को लोहत्तर जाड़ेकूर्से के जंगलो से कांकेर जिले में प्रवेश किया और सोनादई पहाड़ी को पार कर मोनेट माइंस दौड़दे दुर्गूकोंदल में दोपहर में देखा गया उसके पश्चात अंतागढ़ ब्लॉक के कई इलाकों में 04 दिन तक विचरण करके नाहकसा, हिमोडा, घूमसीमुंडा और चर्रेमर्रे घाटी के पास ग्रामीण के सायकल को तोड़ दिया। इसके बादर सरण्डी तरफ शनिवार को उपस्थिति दर्ज कराई और रात्रि में अंतागढ़ शहर के बीचो बीच होते हुए मासबरस के जंगलो में विश्राम किया। रविवार सुबह कोकड़े होते हुए दुर्गूकोंदल ब्लॉक के डांगरा हिंगनपूरी, आमागढ़ के मार्ग से बोदेली और पड़गाल के जंगलो विश्राम किया, उसी शाम 05 बजे के करीबन पड़गाल के दो घरों को तोड़कर धान को खाया और रात्रि 11 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 06 भानुप्रतापपुर से मानपुर मार्ग पर सोनादई मोड़ के पास रूद्रप्रताप दुग्गा ने देखा और वन विभाग के अमले को जानकारी दिया।





वन विभाग के अमले ने भीड़ को हटाया और हाथी को आगे बढ़ने के लिए जाने दिया गया। दंतेल सिलपट में धान की गंध पाकर सुकदेव पिता बुधराम दुग्गा के घर को क्षतिग्रस्त करते हुए लोहत्तर थाना के पीछे से लोहत्तर ▸▸ शेष पेज 10 पर

### सैलानियों को आकर्षित करने के लिए नई पहल की जा रही

## खमढोड़गी की खूबसूरती से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, नौकायन आज से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

जिला कांकेर के खुबसूरत गाँव खमढोड़गी में बंबू राफ्टिंग की शुरूआत जनवरी 2025 से हुई थी और लगातार सैलानियों के आने से और उनकी सुविधा को देखते हुए नौकायान की भी शुरूआत आज 22 जुलाई से कर दी जाएगी। खमढोड़गी आने वाले सैलानी अब बंबू राफ्टिंग के साथ-साथ नौकायान का भी लुत्फ उठा सकेंगे। बंबू राफ्टिंग करवाने वालों की यह टीम लगातार सैलानियों को आकर्षित करने के लिए नए कदम उठाते जा रही है।

- बंबू राफ्टिंग के साथ अब नौकायान का भी उठा सकेंगे लुत्फ

बस्तर के दुढ़मारास गांव में शुरू हुई बम्बू राफ्टिंग ने अपनी अलग पहचान बनाई और साल 2024 में इस जगह को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार भी मिल चुका है। इसी से प्रेरणा लेकर कांकेर जिले का खमढोड़गी गांव भी पर्यटन के क्षेत्र में एक नई शुरुआत जनवरी 2025 में किया गया। खमढोड़गी गांव चारों ओर पहाड़ों और जंगलों से घिरा हुआ है, अब यह जगह बम्बू राफ्टिंग का नया ठिकाना बन गया है। यह गांव कांकेर जिला मुख्यालय से शार्ट कट मालगांव जाते है तो 6 किमी और माकड़ी से देवरी होते हुए जाने पर 10 किमी. की दूरी पर है। बम्बू राफ्टिंग के बाद अब नौकायान का भी मजा ले सकेंगे हैं। यहां पहले से ही लोग पिकनिक और छुट्टियां मनाने आते रहे हैं, लेकिन अब यह जगह और भी मशहूर होती जा रही है।



**कांकेर में पर्यटन के खुलेंगे रास्ते :** कांकेर जिला अपने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी जाना जाता है। यहां ऊंचे पहाड़, झरने और हरे-भरे जंगलों के बीच पर्यटन के अवसर मौजूद हैं। बम्बू राफ्टिंग के साथ-साथ नौकायान जैसी गतिविधियां पर्यटकों को आकर्षित करेंगी। स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का साधन भी बनेंगी। गांव के युवा ऐसे ही प्रयोग करेंगे तो तय है कि स्थानीय लोग सशक्त होंगे और कांकेर जिले को एक नए पर्यटन केंद्र के रूप में पहचान मिलेगी।

#### नौकायान के उद्घाटन सत्र में होंगे शामिल

खमडोढ़गी में आज 22 जुलाई दोपहर 2 बजे नौकायान का शुभारंभ विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्यि, सरपंच निशा दुग्गा की अध्यक्षता एवं भूतपूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, अध्यक्ष मतस्य बोर्ड भरत मटियारा, जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज कन्हैया उसेंडी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत कांकेर तारा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर, अध्यक्ष जनपद पंचायत पूर्णिमा कावड़े, अतिविशिष्ट अतिथि कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, डीएफओ रौनक गोयल, अभियंता जल संसाधन विभाग धमेंद्र मेश्राम, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कांकेर तारिणी ठाकुर, सदस्य जनपद पंचायत अशोक कचलाम व अन्य जन प्रतिनिधि की उपस्थित रहेंगे।

## घर तोड़ने पर हुआ विवाद, बहन की पिटाई करने पर भाई पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

घर को तोड़ने की धमकी देते हुए आरोपी भाई ने बहन के साथ मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दिया। महिला के साथ मारपीट होता देख अन्य लोग बचाव करने के लिए आए, आरोपी ने गुस्से में आकर बीच बचाव करने पहुँचे लोगों के साथ भी मारपीट कर दिया।



बांदे थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 104 दीपनगर निवासी 30 वर्षीय गीता बड़ाई पति हरिपद बड़ाई ने पुलिस को बताया कि 20 जुलाई की शाम 6 बजे मेरे बड़े भाई आरोपी निर्मल बर्मन के द्वारा बाजार कि ओर शराब के नशे में मेरे घर की तरफ आया और मेरे से कहने लगा कि तेरे घर को तोड़ दूंगा, घर में रहने नहीं दूंगा, तेरे पिता नहीं है, तू यहां क्यों रह रही है, तू घर से चली जा, नहीं तो घर में रहने नहीं दूंगा बोलने लगा। मैने बड़े भाई को गाली देने से मना किया, परंतु बड़ा भाई मेरी एक भी बात नहीं सुना और लड़ाई झगड़ा करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया है। मारपीट करने से मेरे हाथ में खरोंच आया है। मारपीट को देख आसपास मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया, बीच बचाव करने पहुँचे लोगों के साथ भी गाली देते हुए मारपीट करने लगा, जिससे गांव के लोग डरकर वापिस चले गए। मुझे अपने भाई से डर है, कभी भी कोई भी अनहोनी मेरे साथ कर सकता है। पीड़िता की शिकायत पर बांदे पुलिस ने आरोपी निर्मल बर्मन के विरूद्ध अपराध धारा 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 23 को

**कोण्डागांव।** जिला पंचायत कोंडागांव के सामान्य सभा की बैठक 23 जुलाई दिन बुधवार को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित होगी। उक्त बैठक में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है है।

### कोण्डागांव में खुलेंगे 5 प्रदूषण जांच केन्द्र

**कोण्डागांव।** जिला परिवहन विभाग कोण्डागांव द्वारा जिले में पाँच नए प्रदूषण जांच केन्द्र खोले जाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस पहल से न केवल वाहन चालकों को सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। अब वाहन मालिकों को प्रदूषण प्रमाणपत्र बनवाने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और खर्च की बचत होगी। स्थानीय स्तर पर जांच की सुविधा मिलने से नियमों का पालन सुलभ होगा और ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली भी अधिक प्रभावी बन सकेगी। पर्यावरण की दृष्टि से यह कदम महत्वपूर्ण है। नियमित प्रदूषण जांच से वाहनों से निकलने वाले हानिकारक धुएं पर नियंत्रण संभव होगा, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार आएगा। इससे जनस्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। यह पहल जिले में स्वच्छ, सुरक्षित और सतत विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

### छात्रों को दी गई साइबर सुरक्षा, कानून और नशामुक्ति की जानकारी



**कोण्डागांव।** जिला कोण्डागांव के पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भापुसे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना माकड़ी पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज दिनांक 21 जुलाई 2025 को थाना प्रभारी माकड़ी निरीक्षक विकास बघेल के नेतृत्व में हायर सेकेंडरी स्कूल लुभा में चलित थाना का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए गए तीन नये आपराधिक कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई और उनके प्रभाव, अधिकारों तथा दायित्वों को सरल भाषा में समझाया गया। साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए छात्रों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा, और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सतर्कता रखने की सलाह दी गई। स्वयं को साइबर फ्रॉड से बचाने के व्यावहारिक उपायों पर भी चर्चा की गई। महिला एवं बाल अपराधों की जानकारी देकर उन्हें पहचानने और बचाव के लिए महिला हेल्पलाइन नंबर, कानूनों और आत्मरक्षा के उपाय बताए गए। विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने, ड्राइविंग लाइसेंस रखने जैसे नियमों के बारे में विस्तार से समझाया गया ताकि वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

# 'तिरंगा सिपाही एवं मेरा देश' कार्यक्रम, देशभक्ति का अनूठा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में तिरंगा सिपाही और मेरा देश कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रें में देशभक्ति की भावना जागृत करना और देश की सेवा में लगे जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था।

आगामी रक्षाबंधन के इस विशेष अवसर पर छात्रओं ने रक्षा सूत्र राखियाँ और अपने गांव की मिट्टी के पैकेट तैयार किए, जिन्हें शिक्षा विभाग के माध्यम से देश की सरहदों पर तैनात वीर सैनिकों तक पहुँचाया जाएगा। इन राखियों और मिट्टी के पैकेटों के माध्यम से छात्रओं ने यह संदेश दिया कि देश की रक्षा में लगे हमारे वीर जवान अकेले नहीं हैं, पूरा देश उनके साथ है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य है जवानों के मनोबल को ऊँचा रखा जा सके और उन्हें यह महसूस हो कि पूरा देश उनके त्याग और समर्पण को सराहता है।

## हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में हुआ भव्य आयोजन



### 28 छात्राएं भेज रहीं राखियां

इस भावनात्मक अभियान में नीचे दी गई 28 छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने हाथों से रक्षा सूत्र तथा मिट्टी के पैकेट तैयार कर संस्था को सौंपे प्रमिला कोर्राम, रीता, बंदिता सोरी, विनीता सोरी , सेवंती कोर्राम, धुवाला पटेल, समीना कोर्राम, सलौती सोरी, अजमिला कोर्राम, भावना बघेल, प्रवीनि कोर्राम, रीना सोरी, विमला कोर्राम, थेमेश्वरी, संगीता सोरी, होलेश्वरी सोरी, रुक्मणि, मनीषा, शिवानी कोर्राम, यामिनी, जमुना नेताम, पूर्णिमा कश्यप, ममता पोयाम, सारिका सोरी, चंद्रिका, राधिका सोरी, अनुपा नेताम, विनिता नेताम। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश सैमसन और शिक्षकों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने छात्रओं को मार्गदर्शन दिया और उन्हें इस राष्ट्रीय भावना से जुड़े कार्य के लिए प्रेरित किया। छात्रओं ने अपने संदेशों में कहा कि वे जब–जब राखी बांधेंगी, तब–तब उन्हें देश के उन सैनिकों की याद आएगी, जो अपने परिवार से दूर रहकर उनकी रक्षा कर रहे हैं।

### प्रशासन, सेना के जवानों को भेजेगा

विभाग इन राखियों और मिट्टी के पैकेटों को एकत्र कर भारतीय सेना के जवानों को भेजेगा, जिससे यह सम्मान उन्हें सीधे प्राप्त हो सके। इस प्रकार का आयोजन न केवल विद्यार्थियों को देश के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराता है, बल्कि देश के जवानों को भी यह भरोसा देता है कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा पूरा देश उनके साथ है।

### ये रहे मौजूद

प्राचार्य मुकेश सैमसंन, वरिष्ठ व्याख्याता जमील खान, यशवंत देवांगन, रीता प्रधान, दुलेश्वरी दर्रो, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, पुष्कर साहू, लक्ष्मीकांत केवर्त, प्रेमानंद वैद्य, भरत देवांगन व समस्त छात्र छात्रये स्कूली स्टाफ मौजूद रहे।

## वेतन वृद्धि और नियमितीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

# आत्मानंद स्कूल में कार्यरत संविदा शिक्षक कर्मचारियों ने किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

छत्तीसगढ़ के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने रविवार को जिला मुख्यालय कोंडागांव में छत्तीसगढ़ स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के बैनर तले एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

- 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी, प्रदेश भर से समर्थन का आह्वान

यह धरना संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव के मार्गदर्शन, बस्तर संभाग अध्यक्ष राहुल कुमार पांडेय के निर्देशन और कोंडागांव जिला अध्यक्ष प्रकर्ष राव पत्की व जिला सचिव यशवंत चौहान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्वामी आत्मानंद स्कूलों से आए संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। व धरने का समर्थन और बल प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह भी मौजूद थे।



### शिक्षकों की न्यायसंगत मांगों पर हो विचार : संघ

संघ ने प्रदेश सरकार से अपील की है कि शिक्षकों की न्यायसंगत मांगों पर संवेदनशील होकर विचार किया जाए और शीघ्र समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं अन्यथा भविष्य में हम अपने हक और अधिकारों के लिए जमीनी लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे।

धरना के माध्यम से संघ ने अपनी दो सूत्रीय प्रमुख मांगों को दोहराया। पहली मांग नियमित वेतन वृद्धि एवं वेतनमान निर्धारण की है, जिसमें शिक्षकों ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से पूर्णकालिक सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो वेतनमान मिला है और न ही कोई वार्षिक वेतनवृद्धि सुनिश्चित की गई है। दूसरी मांग शिक्षा विभाग में समावेशन (संविलियन) एवं नियमितीकरण की है, जिसे पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया था। संघ ने मांग की है कि सभी संविदा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शिक्षा विभाग में समाहित कर नियमित किया जाए, जिससे उन्हें सेवा सुरक्षा मिल सके और वे बिना भय के प्रदेश की शिक्षा गुणवत्ता में योगदान दे सकें।

### अनिश्चितकालीन प्रदर्शन की दी चेतावनी

संघ ने यह भी घोषणा की कि यदि समय रहते इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 1 अगस्त 2025 से राजधानी रायपुर में प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से शिक्षक-कर्मचारी शामिल होंगे। यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और न्यायसंगत होगा। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख शिक्षकों एवं कर्मचारियों में अनीश यादव, कुमारी भूमि जैन, प्राची यादव सहित कई अन्य साथियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने एकजुटता के साथ यह संदेश दिया कि जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक संघ का संघर्ष जारी रहेगा।

# सोमवार को शिव मंदिरों में भक्तों का तांता, दिनभर रहा भक्तिमय माहौल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

नगर पंचायत पखांजुर में सावन सोमवार के उपलक्ष्य में महिलाओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना किया गया। इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं ने विधि-विधान से शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न पूजा सामग्री अर्पित की।

सावन के दूसरे सोमवार को शिवलिंग पर जलाभिषेक के साथ-साथ अन्य पूजा सामग्री भी चढ़ाई गई। पूजा-अर्चना में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पूजा में भाग लिया। आयोजन एक प्राकृतिक वातावरण में स्थित शिव मंदिर में हुआ, जहाँ पेड़-पौधों के बीच शांत वातावरण में पूजा सम्पन्न हुई। इस आयोजन में महिलाओं ने भगवान शिव की भक्ति और श्रद्धा के साथ पूजा की और सावन सोमवार के महत्व को दर्शाया। सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है और इस महीने के सोमवार को विशेष महत्व दिया जाता है। भगवान शिव की पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और उन्हें आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है। पखांजुर की महिलाओं ने इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से अपनी भक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखा।

# एनएच की मरम्मत के लिए 76 लाख रुपए हुए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर मुख्यालय स्थित राम मंदिर तालाब के समीप क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत के लिए 76 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति क्षेत्रीय विधायक लता उसेंडी के अथक प्रयासों और जनसमस्याओं के प्रति उनकी गंभीरता का प्रतिफल है राम मंदिर तालाब की सुरक्षा के लिए पूर्व में लगाए गए रेलिंग पानी के रिसाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे तालाब के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिट्टी का अपरदन शुरू हो गया। परिणामस्वरूप सड़क की स्थिति बिगड़ने लगी और यातायात में बाधा उत्पन्न होने लगी। लगातार दुर्घटनाएं और नगरवासियों को हो रही परेशानी ने इसे एक गंभीर समस्या बना दिया।

नगरवासियों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक लता उसेंडी ने शासन–प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया और आवश्यक राशि की स्वीकृति के लिए लगातार प्रयास किए। उनके सक्रिय प्रयासों के फलस्वरूप राम मंदिर तालाब के समीप क्षतिग्रस्त रेलिंग व राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत के लिए 76 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

- विधायक लता उसेंडी के अथक प्रयासों से मिली बड़ी सफलता



### मरम्मत से बढ़ेगी सड़क सुरक्षा

इस स्वीकृति पर नगरवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी एवं उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री माननीय अरुण साव के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया है। शीघ्र ही मरम्मत कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।



# ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का युवाओं ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

सामुदायिक पुलुसिंग कार्यक्रम के तहत चौकी दुधावा पुलिस द्वारा लोगों में जागरूकता एवं यातायात नियमों के प्रति सजग रहने के लिए ग्राम मुसुरपुट्टा में अभियान चलाया। साथ ही एक दिवसीय ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया था।

जिले के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजना की जानकारी देने, लोगो को सहूलियत देकर उनके काम पूरा करने के शिविर का आयोजन किया गया। चौकी दुधावा पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत मुसुरपुट्टा के सहयोग से आरटीओ कांकेर से समन्वय स्थापित कर जिले के अंतिम छोर में नवयुवकों ग्रामीणों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने शिविर का आयोजन किया। शिविर का लाभ उठाने बहुत अधिक संख्या में ग्रामीण युवक युवतियों ग्राम मुसुरपुट्टा आकर अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनाया। लर्निंग लाइसेंस वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच, पंचगण, ग्रामीण भुवन, भारती, लतेल यादव, अशोक साहू, सगरदास वैष्णव, चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र वर्मा, सहायक उप निरीक्षक छत्र पाल साहू व अन्य पुलिस स्टाप उपस्थित रहें।

# बाल कैबिनेट गठित, दायित्व निर्वाहन करने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

कर्मा विद्या मंदिर मुसुरपुट्टा में बाल कैबिनेट का चुनाव हुआ, जिसमें नव निर्वाचित कैबिनेट सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या आरएल साहू ने बाल कैबिनेट सदस्यों को दायित्वों की घोषणा कर शपथ दिलाया।

नव निर्वाचित शाला नायक धनेंद्र साहू, उप शाला नायक साक्षी साहु, अनुशासन मंत्री तरुणा कोर्राम, उप अनुशासन मंत्री लिपिका साहू, स्वच्छता मंत्री राशी साहू, उप स्वच्छता मंत्री सुशांत यादव, स्वास्थ्य मंत्री मिनाक्षी साहू, उप स्वास्थ्य मंत्री मोनालिका साहू, क्रीडा मंत्री मयंक चन्द्रवंशी, उप क्रीडा मंत्री कौशिक साहू, सांस्कृतिक मंत्री मेघा साहू, उप सांस्कृतिक मंत्री तृप्ति कुंजाम, बागवानी मंत्री गोपिका साहू, उप बागवानी मंत्री नेविन नागेश, खोया पाया, मंत्री निधि साहू, कक्षा केजी वन व केजी टू का कक्षा नायक आर्यन मरकाम, कक्षा पहली खिलेंद्र यादव, कक्षा दूसरी पूर्वशी भारती, कक्षा तीसरी चांदनी साहू, चंचल साहू, कक्षा चौंथी हेमपुष्प साहू, कक्षा पाँचवी प्रिंस चंद्रवंशी, कक्षा छटवी कृष साहू, कक्षा सातवी चुनेश्वरी साहू, कक्षा आठवी देव अरकरा। साथ ही सभी शिक्षक व शिक्षिकाएँ बाल कैबिनेट चुनाव में सम्मिलित हुए। सभी बच्चों को अपने दायित्व निर्वाहन, मेहनत करने व निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया गया।



## संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ के शुभम बने नए जिला अध्यक्ष

# शीतल कोरमि को सम्मानित कर दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ जिला इकाई कोंडागांव के द्वारा आज केशकाल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल टाटा मारी में बड़े ही गरिमामय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में विदाई एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

- केशकाल में हुआ विदाई एवं शपथ ग्रहण समारोह

इस अवसर पर संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष शीतल कोर्राम को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई एवं नवीन जिला अध्यक्ष शुभम राम नेताम जी को औपचारिक रूप से पदभार सौंपा गया। कार्यक्रम में प्रांत उपाध्यक्ष रामचंद्र सोनवंशी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, वहीं समारोह की अध्यक्षता वर्तमान जिला अध्यक्ष श्री नेताम के नेतृत्व में की गई। समारोह के दौरान संगठनात्मक कार्योंर् के साथ–साथ शैक्षिक सुधार पर गहन चिंतन–मनन किया गया। प्रांत उपाध्यक्ष सोनवंशी ने सभी संकुल समन्वयकों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने–अपने संकुल में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के लिए समर्पित भाव से कार्य करें और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सतत प्रयास करें। पूर्व अध्यक्ष शीतल कोर्राम ने संगठन को एकजुट बनाए रखने एवं सामूहिक पहचान की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी संगठन के माध्यम से सभी समस्याओं का समाधान संभव है, बशर्ते हम एकरूपता और समन्वय के साथ कार्य करें।



### 150 से अधिक संकुल समन्वयक रहे उपस्थित

इस मौके पर 150 से अधिक संकुल समन्वयक शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धरमदेवागन, रूपेन्द्र कौशिक, रामदेव कौशिक, महेश पटेल, थानसिंह सिहरे जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र कश्यप, अमिताभ मिश्रा, राजूराम दीवान, राधेश्याम मांडवी सहित जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी पदाधिकारी एवं शिक्षकगण ने भाईचारे के साथ सहभागिता की। शाम 5:00 बजे सभी शिक्षक अपने–अपने निवास स्थान की ओर रवाना हुए। यह आयोजन संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ की संगठनात्मक एकता और शैक्षिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गया।

## पेज 9 के शेष

### ग्रामीण 20 दिनों से कर ....

के ग्रामीण सोमवार 21 जून को दोपहर 12 बजे भानुप्रतापपुर-दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और आंदोलन उग्र होता गया। चक्काजाम की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे भानुप्रतापपुर एसडीओपी शेर बहादुर ठाकुर एवं तहसीलदार सुरेन्द्र उर्वसा ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को शांत करने की कोशिश की गई और नियमानुसार बैठककर समस्या के समाधान का आग्रह किया, परंतु ग्रामीण तब तक पीछे हटने को तैयार नहीं थे जब तक माइंस प्रबंधन मजदूर भर्ती का लिखित आश्वासन न दे। ग्रामीणों ने माइंस प्रबंधन पर यह भी आरोप लगाया कि माइंस को जानबूझकर कच्चे ग्राम के अधीन दिखाया जा रहा है, जबकि भौगोलिक दृष्टि से माइंस का संपूर्ण क्षेत्र भैसाकन्हार ग्राम की सीमा में आता है।

**समिति ने 68 का दिया था नाम :** सीएमडीसी माइंस के अधिकारी दीपक गुप्ता ने बताया कि माइंस अभी पूर्ण रूप से प्रारंभ नहीं हुआ है। आदिवासी विकास समिति द्वारा जिन 68 लोगों की सूची दी गई थी, उनमें से अभी तक 18 लोगों को ही नौकरी दी जा सकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भर्ती का निर्णय समिति के सुझावों पर ही लिया जा सकता है, माइंस प्रबंधन स्वयं चयन नहीं कर सकता।

### बाकाया वसूली की...

घर आया और मेरे लड़का के पास क्यों फोन किया कहते गाली दिया और हाथ, लात से मारने लगा तथा दुबारा मेरे बच्चों के पास काल करेगा तो तुम्हे जान से मार दूंगा कहते हुए पास में पड़े डंडा को उठाकर मुझे पीठ में मारा, जिससे मुझे कमर, पीठ व सिर में चोट लगा है। मैं विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ हुं, उस वक्त घर में अकेला था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मुंशी राजेन्द्र लोनहारे के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### दंतैल हाथी का एक हफ्ते तक...

बस्ती के बीच से पिरचोड़ हेपुरकसा होते हुए कांकेर जिले से बाहर निकलकर सोमवार सुबह पुनः बसेली के पास उपस्थित होने की जानकारी आई। लोहत्तर क्षेत्र में हाथी की उपस्थिति मिलते ही क्षेत्रीय जनपद सदस्य विकास राजु नायक ने भी वन विभाग के टीम के साथ लोगों को हाथी को न छेड़ने की अपील किया। दुर्गूकोंदल वन परिक्षेत्र और लोहतर क्षेत्र के वन विभाग सभी अधिकारी की उपस्थिति रही, साथ ही सुबह पीड़ति परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया। जनपद सदस्य ने सबंधित अधिकारियों को हाथी द्वारा किए गए नुकसान की भरपाई के लिए पंचनामा बनाकर जल्द से जल्दी मुआवजा दिलाने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### आज से मासिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन



**लोहंडीगुड़ा।** लोक शिक्षण उपसंचालक के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल लोहंडीगड़ा में अंग्रेजी माध्यम वार्षिक कैलेंडर के अनुसार आज से मासिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के अध्यनरत बच्चों के लिए प्रारंभ हो चुकी है। पाठ्य पुस्तक के विलंब से वितरित होने के बावजूद बच्चे काफी तैयारी के साथ परीक्षा दे रहे है। छात्र अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। ये मूल्यांकन छात्रों की प्रगति का मूल्यांकन करने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### अनाथ व बेसहारा बच्चों को मिलेंगे 4 हजार



**जगदलपुर।** फास्टर केयर योजना के तहत अनाथ व बेसहारा बच्चों के लिए 4 हजार रुपए जारी की जाएगी। इसके लिए समिति की बैठक होगी, जिसमें जिम्मेदारों की जांच के बाद उसके खाते में बच्चों के पालन-पोषण के लिए रकम डाली जाएगी। इस योजना में बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी समाजसेवी संस्था अथवा कोई भी व्यक्ति ले सकता है। बाल कल्याण समिति बस्तर के अध्यक्ष नरेंद्र पाणिग्राही ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम-2015 के तहत पालन पोषण व देखरेख योजना के अंतर्गत निराश्रित, बेसहारा, अनाथ व एड्स से पीड़ित माता-पिता के बच्चों, जेल में बंद माता-पिता के बच्चों, ऐसे बच्चें जिनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है को शिक्षा स्वास्थ्य एवं भरण पोषण के लिए समुचित देखरेख, विकास, उपचार करने के लिए सर्वोत्तम हित में कार्य करना है। नियमानुसार यह राशि उन परिवार व संस्थाओं को दी जाएगी, जो ब्लड रिलेशन में नहीं हैं और सेवा भावना की दृष्टि से अपने पास पारिवारिक माहौल में रखकर बच्चों को पालना चाहते हों।

### कौशल तिहार पर 21 से 23 तक प्रतियोगिता

**धमतरी।** राज्य में कौशल तिहार-2025 का आयोजन कौशल प्रतियोगिता के माध्यम से कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करने तथा उनके कौशल के प्रदर्शन पर केंद्रित है। कौशल उत्सव का उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता लाना और विजेताओं को इंडिया स्किल्स 2025 की क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगताओं के लिए तैयार करना है, जो संभवतः वर्ल्ड स्किल्स 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर 21 से 23 जुलाई एवं राज्य स्तर पर 28 से 30 जुलाई तक किया जायेगा।

# एग्रीकल्चर परीक्षा में विद्यालय की बेटियों ने बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय गीदम की दो होनहार छात्राएं पूर्णिमा नाग पिता सुदर नाग ने 1309 रैंक एवं अंजलि पुजारी पिता उमेश्वर पुजारी ने 594 रैंक लेकर एग्रीकल्चर पीएटी परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया। चयन के पश्चात दोनों का कॉलेज अलॉटमेंट भी हो चुका है।

इस उपलब्धि पर आज विद्यालय में उनका स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एग्रीकल्चर विषय के सभी विद्यार्थियों को उनके अनुभव साझा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उनकी शिक्षिका माधुरी साहू, जो अतिथि शिक्षक के रूप में विद्यालय में कार्यरत हैं, के विशेष कोचिंग एवं निरंतर मार्गदर्शन से ये बच्चे चयनित हुए। माधुरी साहू ने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास, पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में करियर की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी और आगे भी कड़ी मेहनत कर उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक राकेश कुमार मिश्रा ने भी बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए एग्रीकल्चर क्षेत्र में उपलब्ध कैरियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृषि स्नातक बनने के बाद छात्र कृषि वैज्ञानिक, कृषि अधिकारी, बीज निगम, खाद्य निगम, उद्यानिकी, बीज उत्पादन, कृषि विपणन, बैंकिंग, पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यमिता एवं स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में कार्य कर सकते हैं। साथ ही एमएससी एग्रीकल्चर, आईसीएआर परीक्षा, पीएचडी, व्याख्याता, तथा राज्य एवं संघ लोक सेवा आयोग के विभिन्न पदों हेतु भी बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य कैलाश नीलम, सीता सिंह, मालती नेताम, हरण मनी दुर्गम , रेनू शर्मा, कल्पना अवस्थी, महेन्द्र मंडावी, आरती सिन्हा, स्वेता पटेल, किरण बजपेई माधुरी साहू, सुनील कुमार, आदर्श तिर्की, तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं निरंतर सफलता की शुभकामनाएँ दीं।

### प्राथमिक शाला वरदली के विद्यार्थी टीन की चादर से ढंकते हैं सिर

# छतविहीन शाला-भवन में पढ़ाई करने मजबूर है आदिवासी अंचल वरदली के गरीब बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम





शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही के चलते भोपालपटनम विकासखंड के ग्राम पंचायत मुख्यालय वरदली में संचालित प्राथमिक शाला के विद्यार्थी

- **कांग्रेस नेता ने स्कूल पहुंच देखी अव्यवस्था**

छतविहीन भवन में बैठकर धूप और बारिश से बचने के लिये टीन की चादर से सिर ढंकने के लिये मजबूर हैं।

यह कठिन स्थिति इस आदिवासी क्षेत्र के नौनिहालों का पढ़ाई के प्रति जज्बे और जुनून को प्रदर्शित करती है। शाला-भवन की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बसंत राव ताटी ने कहा कि हमने बनाया है हम ही संवारेंगे का नारा देने वाली भाजपा सरकार में दिनोदिन चरमराती शिक्षा-व्यवस्था और संबंधितों की उपेक्षा अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के नाम पर लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद शाला-भवनों की स्थिति अत्यंत जर्जर है,जिस वजह से स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के सिर पर छत तक नसीब नहीं है। शिक्षा की यह कैसी गुणवत्ता है। ताटी ने कहा कि मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के अंतर्गत एक साल पहले ही वरदली के इस शाला-भवन की मरम्मत के नाम पर पांच लाख रुपये खर्च किये गये हैं,लेकिन इसकी हालत देखकर ऐसा नहीं लगता कि वह राशि इस भवन के मरम्मत कार्य पर खर्च की गयी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों की सांठ-गांठ से मरम्मत के नाम पर प्राप्त राशि का बन्दर बाँट कर लिया गया है,जिसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

**स्कूल खुल गए पर किताब का पता नहीं**

पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने सरकार पर आरोप लगते हुए कहा कि नवीन शिक्षा सत्र शुरू हुए एक माह बीत जाने के बावजूद स्कूल में बच्चों को अब तक किताबें नसीब नहीं हुई हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश की डबल इंजन कि सरकार ने इस क्षेत्र के आदिवासी बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का मन बना लिया है।

### बस्तर में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

# नशे में गाड़ी चलाने वालों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर/भोंड



सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से बस्तर पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित देवांगन के निर्देशन में बस्तर थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े एवं

- **राष्ट्रीय राजमार्ग पर सघन जांच अभियान जारी**

उनकी टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक विशेष सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य फोकस शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना है, जो आए दिन दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रहे हैं। पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइज़र मशीनों के माध्यम से मौके पर ही शराब सेवन की जांच की जा रही है, और दोषी पाए जाने पर त्वरित कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

इसके अलावा बिना नंबर प्लेट वाले वाहन, अन्य राज्यों से आने वाले संदिग्ध वाहनों तथा अनियमितताओं से युक्त गाड़ियों की भी गहनता से जांच की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और जनहानि को कम करना है।

बस्तर पुलिस थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े ने जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, विशेषकर नशे की हालत में वाहन न चलाएं, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर तुड़पारास को मिला एनक्यूएएस प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले के ग्राम पंचायत तुड़पारास के स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर को भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। ज्ञात होगी यह प्रमाण पत्र स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट गुणवत्ता, रोगी सुविधा, संक्रमण नियंत्रण और कुशल प्रबंधन जैसे मानकों पर खरा उतरने पर दिया जाता है। इस उपलब्धि के पीछे कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय भुवन कुर्रे और विकासखंड प्रबंधक जीवन नाग की सतत मेहनत और मार्गदर्शन का अहम योगदान रहा। केंद्र में कार्यरत सीएचओ और आरएचओ की समर्पित कार्यशैली और सेवा भावना ने इस केंद्र को राष्ट्रीय मानकों पर खरा साबित किया।

# पालिका अध्यक्ष ने सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरन्दुल



सोमवार को किरंदुल शहर के वार्ड नंबर 2 के वार्डवासियों की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह के द्वारा सभी पार्षदगण एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में नवीन

- **नगर पालिका अध्यक्ष ने चेताया**

सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। विगत कई वर्षों से सड़क की मांग करते आ रहे वार्डवासियों के द्वारा भूमिपूजन पश्चात सड़क निर्माण के कार्य का भूमिपूजन के साथ ही मांग पूरी होते देख खुशी का इजहार करते हुए वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह का आभार जताया। नगर पालिका रूबी शैलेन्द्र सिंह ने ठेकेदार को बुलाकर कहा कि सीसी रोड निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि वो स्वयं भी तकनीकी अधिकारियों के साथ समय-समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष रवि सिंग, उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी, बीजेपी मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी, एसकेएमएस के अध्यक्ष पी. देवरालू, सीएमओ शशि भूषण महापात्र, पार्षद लक्ष्मी ठाकुर, गिरजा विश्वकर्मा, यशोदा चुन्नम, गोपीनाथ हरिजन, बी रूपा रानी, राजकुमार सोनी, लीना सोनी, पदमा नाग, के सजी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, पालिका उप अभियंता टीआर सिन्हा एवं संजय मार्कण्डेय, आरसी नहक, राजू रेड्डी, एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित थे।

# रेडियो जॉकी कार्यक्रम में कलेक्टर ने युवाओं को दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



नवा दंतेवाड़ा रेडियो स्टेशन 90.4 एफएम द्वारा युवाओं के सशक्तिकरण और स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से आयोजित रेडियो जॉकी प्रशिक्षण कार्यक्रम में आज जिले के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विशेष रूप से शिरकत की।

यह 20 दिवसीय प्रशिक्षण 9 जुलाई से 29 जुलाई तक जिला कार्यालय परिसर स्थित नवा दंतेवाड़ा रेडियो केंद्र में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पहुँचकर कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के अनुभवों को गंभीरता से सुना, उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और रेडियो की दुनिया से जुड़ी कई महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। कलेक्टर ने बताया कि रेडियो केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह समाज को जोड़ने, जनजागरूकता फैलाने और सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त उपकरण है। उन्होंने कहा कि रेडियो जॉकी का कार्य केवल प्रस्तुतिकरण नहीं, बल्कि समाज की नब्ज को समझकर संवाद स्थापित करना भी है।

**रेडियो के जरिए बदलाव की प्रेरणा**

इस दौरान कलेक्टर ने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस प्रशिक्षण को केवल एक तकनीकी ज्ञान के रूप में न लें, बल्कि इसे एक जिम्मेदारी समझें। उन्होंने कहा कि रेडियो एक ऐसा मंच है, जहाँ से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण और सामाजिक बदलाव जैसे विषयों पर प्रभावी संवाद स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ अपने जीवन के लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी, दंतेवाड़ा के सौजन्य से विकास अनुसंधान संस्थान, दंतेवाड़ा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान रेडियो जॉकी के तकनीकी पहलुओं, प्रस्तुति कला, साक्षात्कार कौशल, वॉयस मॉड्यूलेशन और प्रोडक्शन तकनीकों पर विशेषज्ञों द्वारा गहन जानकारी दी जा रही है।

**प्रशिक्षणार्थियों के सवाल और आत्मीय संवाद**

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने कलेक्टर से अनेक दिलचस्प सवाल पूछे, जिनमें एक सवाल था, आपकी पसंदीदा खाने की चीज क्या है इस पर मुस्कुराते हुए कलेक्टर ने जवाब दिया कि उन्हें 'फूटू' एक लोकप्रिय स्थानीय सब्जी बेहद पसंद है। इस सरल उत्तर से उपस्थित युवाओं के चेहरे पर मुस्कान खिल उठी और कार्यक्रम का वातावरण आत्मीयता से भर गया।

# बाथरूम में फांसी लगाकर शिक्षक नेताम ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

बीते चार माह से ड्युटी पर अनुपस्थित रहे एक शिक्षक ने कोंटा मुख्यालय के एक किराए के मकान में बाथरूम में फांसी लगाकर कर अपनी जान दे दी। धमतरी जिले के मडवापतरा गांव के


- **गंगलेर संकूल केंद्र के करीगुण्डम स्कूल में था पदस्थ शिक्षक**

रहने वाले शिक्षक प्रधानपाठक चैनसिंह नेताम अपनी पत्नी के साथ कोंटा के सात नंबर वार्ड में रहता था। शिक्षक चैनसिंह नेताम के एक पुत्र, एक पुत्री है, जो कि अभी अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। शिक्षक अपनी पत्नी सुनिता नेताम के साथ कोंटा में रहता था। कोंटा खंड शिक्षा अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार शिक्षक की पोस्टिंग जनवरी माह में कोंटा विकासखंड के गंगलेर संकूल केंद्र अंतर्गत करीगुण्डम प्राथमिक शाला में हुई थी। सोसल मिडिया में शिक्षक के फांसी लगाकर जान दे देने की जानकारी के बाद कोंटा पुलिस ने शिक्षक के मकान का मौका मुआयना मुख्य नगर पालिका अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी के साथ पहुंच मामले को विवेचाना में लिया है। वहीं इस मामले की जांच करने फॉरेंसिक टीम जगदलपुर से कोंटा पहूंची थी। देर शाम तक जांच प्रक्रिया चली और कल शिक्षक का पोस्टमार्टम करा कर पुलिस परिवार को शव सुपुर्द करेगी।

### राशि के दुरूपयोग पर ग्रामीणों में नाराजगी

# सरपंच, सचिव के खिलाफ जनपद सदस्य ने की शिकायत, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड






15वें वित्त की राशि में हेराफेरी का मामला बकावंड विकासखंड की ग्राम पंचायत रायकेरा देवड़ा में सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है है कि 15वें वित्त की राशि से ग्राम पंचायत में एक भी काम नहीं कराया गया है।

सरपंच और सचिव ने विभिन्न कार्यों के नाम पर करीब ढाई लाख रुपए निकाला हैं। नए बने ग्राम पंचायत भवन की मरम्मत के नाम पर 48 हजार 200 रुपए आहरित कर लिए हैं। जनपद सदस्य खेमेश्वरी कश्यप, रायकेरा देवड़ा की उप सरपंच एवं पंच मीना कश्यप, पंच बुसाय झाली, लक्ष्मनी बघेल, सुबोध परगनिया, सलीम नाग, बंटू कश्यप, बनमाली गोयल, समंदु राम भारती, शंकर नाग, अन्नी भारती, मुन्नी भारती, लक्ष्मनी नेताम, विमला गोयल ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। शिकायत में बताया गया है कि सरपंच लखमी कश्यप और सचिव पदमावती कश्यप ने 15वें वित्त मद से पिछले माह 2 जून को हैंडपंप में मोटर पंप स्थापित करने के नाम पर 35 हजार रुपए निकाले काम कराया नहीं 16 जुलाई को रोड मरम्मत के नाम पर 39 हजार रुपए निकाले, मगर मरम्मत कार्य कराया नहीं गया है। 16 जुलाई को ही स्कूल भवन मरम्मत के नाम पर 48 हजार 70 रुपए निकाले मगर किसी तरह का मरम्मत कार्य हुआ नहीं है। इसी तरह 16 जुलाई में ही पंचायत भवन मरम्मत के नाम पर 48 हजार 200रुपए आहरित किए गए हैं। जबकि ग्राम पंचायत भवन नया बना हुआ है और उसमें किसी तरह की मरम्मत की जरूरत ही नहीं है।

**खेमेश्वरी ने खोला मोर्चा**



जनपद सदस्य खेमेश्वरी कश्यप ने रायकेरा देवड़ा ग्राम पंचायत में चल रहे मनमानी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि जनहित के लिए आई रकम की पाई पाई का हिसाब लेंगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करवा कर ही दम लेंगी।

# प्रेस क्लब किरंदुल वेलफेयर एसोसिएशन ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल



लौह नगरी किरंदुल क्षेत्र की सबसे पुरानी और सक्रिय पत्रकारों की संगठन प्रेस क्लब किरंदुल वेलफेयर एसोसिएशन की 16वीं वर्षगांठ सदस्यों के द्वारा पौधरोपण कर मनाया गया। बता दे की यह पत्रकार संघ किरंदुल की सबसे पुरानी और पहली संगठन है, जिसमें रीजनल अखबार से लेकर राष्ट्रीय अखबार तक के पत्रकार बंधु इसमें जुड़े हुए हैं। इस मौके पर प्रेस क्लब किरंदुल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक ने कहा कि मुख्य उद्देश्य लोगों तक हर पल-पल की रिपोर्ट निष्पक्षता व सच्चाई के साथ पहुंचना ही हमारी पहली प्राथमिकता है साथ ही साथ समाज के विकास में अपनी भूमिका अदा करना भी है। इसी उद्देश्य को पूरा करते हुए आज कृष्ण कुंज में फलदार व छायादार पौधा रोपण कर यह एवं संरक्षण करने के संकल्प के साथ किरंदुल प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने यहां संदेश दिया कि वृक्षों से ही हमारा प्राण है और वृक्ष के बिना हमारा जीवन ही अधूरा है क्योंकि एक वृक्ष मनुष्य को शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करती है जिसको मानव ग्रहण कर अपने जीवन को जीता है।

इस खास मौके पर प्रेस क्लब किरंदुल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक और सभी साथियो ने संस्था के सचिव संजीव दास को जन्मदिवस की बधाई दी। प्रेस क्लब के सदस्यों ने पौधरोपण कर लोगों से अपील की गई आप भी अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण के संतुलन में अपनी भागीदारी दे।

इस दौरान प्रेस क्लब किरंदुल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष बिप्लव मल्लिक, सचिव संजीव दास, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण बैरागी, उपाध्यक्ष एस एच अजहर, उपाध्यक्ष रवि कुमार दुर्गा, कार्यालय सचिव पी उषारानी किरण, बी रामबाबू, सदस्य विश्वजीत मल्लिक, कुमारी प्रियंका जाल, सुनीता गुप्ता आदि मौजूद थे।

**नाम परिवर्तन की सूचना**

दिनांक - 21/07/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार फबिया टोप्पो FABIA TOPPO पिता- सुखा टोप्पो SUKHA TOPPO, निवासी ग्राम आमाबेडा, तहसील-अंतागढ़, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के मतदाता परिचय पत्र में फबिया टोप्पो FABIA TOPPO पिता- सुखा टोप्पो SUKHA TOPPO एवं पेनकार्ड में FABIA TOPPO पिता सुखा टोप्पो SUKHA TOPPO तथा सर्विस बुक में फबिया टोप्पो अंकित है, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार का नाम फबीयानुष FABIYANUSH पिता- सुखा टोप्पो SUKHA TOPPO त्रुटिवश दर्ज किया गया है, जिसे सुधारा जाकर फबिया टोप्पो FABIA TOPPO पिता- सुखा टोप्पो SUKHA TOPPO लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ पत्र दिनांक- 17/07/2025 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज दिनांक के पश्चात से. मेरे पक्षकार के आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार का नाम फबिया टोप्पो FABIA TOPPO पिता- सुखा टोप्पो SUKHA TOPPO किया जावें तथा पहचाना जावें ।

रीतिक गुप्ता (अधिवक्ता)
पता -वार्ड नं. 10 संबलपुर, तहसील भानुप्रतापपुर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)
मो. 9098406706

# समर्पित संस्था ने ग्रामीणों को दी वित्तीय साक्षरता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

जिले के विभिन्न ब्लॉकों मे वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। समर्पित संस्था के परामर्शदाताओं द्वारा यह कार्यक्रम खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को वित्तीय मामलों की सही जानकारी मिल सके।

कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को बचत, बजट बनाना, फर्जीवाड़े (फ्रॉड) से बचाव और बैंकों से जुड़ने के फायदे जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। ग्रामीणों को समझाया जा रहा है कि वे कैसे छोटी-छोटी बचत से भविष्य के लिए धन इकट्ठा कर सकते हैं, जरूरत के हिसाब से सही बजट बना सकते हैं और किसी भी तरह के ऑनलाइन या ऑफलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से कैसे बच सकते हैं। समर्पित संस्था के परामर्शदाता गांव-गांव जाकर लोगों को इन विषयों पर जागरूक कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाना है, ताकि वे समझदारी से अपनी आय और खर्च का प्रबंधन कर सकें। जिले के कई ब्लॉकों में यह कार्यक्रम एक साथ चल रहा है। चारामा ब्लॉक में यह कार्य सुस्मिता सिन्हा, कांकेर ब्लॉक में पंकज यदु और कोयलीबेडा ब्लॉक में यशवंती यादव के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। ये परामर्शदाता गांवों में जाकर लोगों को सरल भाषा में वित्तीय नियमों की जानकारी दे रहे हैं। परामर्शदाताओं का कहना है कि ग्रामीणों को बैंकों से जोड़ना इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है। जो लोग अभी भी बैंकिंग सेवाओं से दूर हैं, उन्हें खाता खुलवाने, डिजिटल भुगतान की सुविधा और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। गांव के लोग भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पहले बचत और बजट की सही जानकारी नहीं थी, लेकिन अब उन्हें समझ आ रहा है कि सही योजना बनाकर कैसे भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है। समर्पित संस्था का यह प्रयास ग्रामीणों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। आने वाले समय में और भी गांवों में इस तरह के वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक होकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।




## खबर संक्षेप

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**कांकेर।** शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर में प्रवेश की अंतिम तिथि 22 जुलाई निर्धारित की गई है। पॉलिटेक्निक के प्राचार्य ने सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित करते हुए बताया कि वे अभ्यर्थी जिन्होंने 10 से 13 जुलाई के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण कराया है तथा 19 जुलाई को संस्था में उपस्थित नहीं हो सका है अथवा उपस्थित होने के पश्चात भी ब्रांच आबंटन नहीं हो पाया है। वे सभी अभ्यर्थी प्रवेश की अंतिम प्रक्रिया के लिए 22 जुलाई को प्रातः 10.30 अनिवार्य रूप से उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रवेश का अंतिम अवसर है।

### आईआईटी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन कल तक

**कांकेर।** जिले के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सत्र अगस्त 2025-26 एक वर्षीय एवं 2025-27 द्विवर्षीय व्यवसायों में प्रवेश के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट के ऑनलाईन एप्लिकेशन 2025 पर क्लिक कर अपना पंजीयन एवं प्रवेश के लिए व्यवसाय का चयन कर सकते हैं। आवेदकों के पंजीयन के लिए वेबसाइट पर यूजर मैन्यूअल दिया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तिथि 23 जुलाई तक निर्धारित है।

### जिले में अब तक 4435 मिमी वर्षा दर्ज की

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 4435.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा बांदे तहसील में 561.2 मिलीमीटर तथा सबसे कम कोयलीबेड़ा तहसील में 172.1 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार कांकेर तहसील में 259.9 मिलीमीटर, भानुप्रतापपुर तहसील में 451.9 मिलीमीटर, दुर्गुकोंदल में 532.6 मिलीमीटर, चारामा.में 415.8 मिमी., अंतागढ़ में 456.2, पखांजूर में 380.5, नरहरपुर में 380.2, सरोना में 308.2 मिलीमीटर और आमाबेड़ा में 516.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में नरहरपुर तहसील में सबसे अधिक 42.6 मिलीमीटर और पखांजूर तहसील में सबसे कम 01 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

### फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

**दुर्गूकोंदल।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। वर्ष 2025-26 के लिए खरीफ फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी निरंजन नरेटी ने बताया कि शासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत विकास खंड दुर्गूकोंदल के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं कुटकी का बीमा करा सकते हैं। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक एवं बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं।

## पौधारोपण : जिले का हर कोना हरियाली से समृद्ध हो : कलेक्टर

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद पौधारोपण के लिए रणनीति तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य शासन के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिले में 23 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत जिला स्तर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, यह धरती को हरा-भरा बनाने और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने का एक संकल्प है।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत सभी मिलकर पूरी जिम्मेदारी के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग दें। उन्होंने कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह जन सहभागिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी है। कलेक्टर ने सभी जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, स्वसहायता समूहों, कर्मचारियों और हितग्राहियों से कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इसके तहत जिले की सभी शासकीय संस्थाओं, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों, आश्रम-छात्रावासों, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घरों और महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं के घरों में पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान के अगले चरण में एक मेगा प्लांटेशन ड्राइव की योजना बनाई गई है, इस ड्राइव के दौरान जिले के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा, जिसमें सभी शैक्षणिक और सामुदायिक स्थलों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इसी तरह जनभागीदारी से खाली स्थानों का उपयोग किया जाएगा। इसके तहत समुदाय की भागीदारी से जिले के खाली पड़े स्थानों को हरियाली से आच्छादित किया जाएगा। मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्य जैसे सड़क किनारे, ब्लॉक क्षेत्रों और नदी-नहरों के किनारे बड़े पैमाने पर प्लांटेशन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक ब्लॉक में मनरेगा और अन्य योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से वृक्षारोपण की योजना है जो यह सुनिश्चित करेगी कि जिले का हर कोना हरियाली से समृद्ध हो।

### जिले में हरियाली का दायरा बढ़ाने के लिए डिजिटल पहल

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के अंतर्गत चयनित आवास हितग्राहियों को अपने घरों के आसपास पौधे रोपने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रत्येक हितग्राही को दो पौधे निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे वे अपने परिवेश को हरित और स्वच्छ बना सकें। इस अभियान की प्रगति को पारदर्शी और जनसुलभ बनाने के लिए सभी गतिविधियों को पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। यह डिजिटल पहल न केवल अभियान की पहुंच को बढ़ाती है, बल्कि नागरिकों को इसकी जानकारी प्राप्त करने और इसमें शामिल होने का अवसर भी प्रदान करती है।



## राज्य एडवेंचर हाईक और प्राकृतिक अध्ययन में शामिल होने टीम रवाना



**कांकेर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर का आयोजन ग्राम जलकी सिरपुर जिला महासमुन्द में किया जा रहा है, जिसमें कांकेर जिले से रोवर रेंजर छात्र छात्राएं सम्मिलित होने 21 जुलाई को रवाना हुए। सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला आयुक्त केजूराम सिन्हा द्वारा हरी झंडी दिखाकर सभी बच्चों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए जिले के नाम रोशन करने रवाना किया।

जिला संगठन आयुक्त किरण ठाकुर ने बताया कि जिला संघ कांकेर के जिला मुख्य आयुक्त मछुआ कल्याण बोर्ड छग अध्यक्ष भरत मटियारा के निर्देशन, जिला अध्यक्ष रामचरण कोर्राम के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी पदेन एवं जिला आयुक्त रमेश निषाद के दिशा निर्देशन में जिले के अंदरूनी क्षेत्रों के 14 विद्यालयो के छात्र छात्राएं शिविर में भाग ले रहे हैं। ग्रामीण व अन्दरूणी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों, जिसमें शाउमावि मूंगवाल, शाउमावि हाटकर्रा, शाउमावि तरान्दुल, शाउमावि अरौद, दिशा पब्लिक स्कूल अन्तागढ़, शाउमावि इच्छापुर, सेजेस नरहरदेव कांकेर, शाउमावि बागोडार, शाउमावि भानबेड़ा, शाउमावि बुदेली, शाकन्याउमावि कांकेर, पं विष्णु प्रसाद शर्मा उमावि गोविन्दपुर, आदर्श उमावि लखनपुरी, संस्कार वैल्ली उमावि भानुप्रतापपुर के साथ कुल 30 रोवर रेंजर छात्र छात्राएं टीम प्रभारी संजय जूर्री और उर्मिला ठाकुर के नेतृत्व में राज्य स्तरीय एडवेंचर हाईक, व्यक्तित्व विकास और प्राकृतिक अध्ययन शिविर में प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

## गोंडाहुर विद्यालय में नवप्रवेशी छात्रों का किया स्वागत, शिक्षा पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोंडाहुर में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नवप्रवेशी विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के महत्व और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं मंडल अध्यक्ष दीपांकर राय, विशिष्ट अतिथि में जनपद अध्यक्ष श्यामवती मांडवी, जनपद उपाध्यक्ष मंजू सरदार, मंडल महामंत्री श्याम कुमार तिवारी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि गणेश शाह, किसान मोर्चा जिला महामंत्री स्वपन तरफदार, शाला विकास समिति के अध्यक्ष विनोद विश्वास, जनपद सदस्य हरि मोहन दास, श्रीनिवास, लक्ष्मण सरकार, मंडल उपाध्यक्ष विकास पांडे, मंडल मंत्री प्रतिमा आनंद, नगर विद्यालय के शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुजीत मंडल, परिमल भागीरथ व पालकगण उपस्थित रहें। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कीर्तनीय घरामी सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, कॉपी-पुस्तक, ड्रेस और मिठाई देकर उनका शाला प्रवेश कराया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया और नवप्रवेशी बच्चों के साथ नेवता भोज का आयोजन हुआ।

जिला पंचायत सदस्य एवं मंडल अध्यक्ष ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान दे, टॉप 10 में आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। साइकिल स्टैंड बनाने कि घोषणा की और शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। जनपद अध्यक्ष ने विद्यालय की बाउंड्री वॉल और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए हॉल रूम की मांग पर कहा कि बजट का प्रावधान होने पर अगले बसंत पंचमी तक हॉल रूम की व्यवस्था की जाएगी। स्वपन तरफदार ने शाला प्रवेशोत्सव के महत्व को बताते हुए, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की पाठ्यपुस्तक वितरण, साइकिल वितरण और अन्य योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय के परीक्षा परिणाम में और सुधार की आशा व्यक्त की। छत्तीसगढ़ सरकार इस दिशा में हर संभव प्रयास कर रही है। विद्यालय के सभी शिक्षकगण और पालकगण ने इस सफल आयोजन में अपना पूर्ण सहयोग दिया।

## दुधावा में किसान पर भालू ने किया हमला

**कांकेर।** दुधावा क्षेत्र में 21 जुलाई की शाम लगभग साढ़े पाँच बजे खेत गए चन्द्रशेखर नेताम पिता पजरू राम नेताम उम्र 50 वर्ष दुधावा निवासी पर भालू ने पीछे से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वहां से गुजर रहे कमलेश कुंजाम और ग्रामीणों की मदद से उन्हें उपचार के लिए कांकेर जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।



## भानेश्वर महादेव मंदिर में हुआ महारूद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर भानुप्रतापपुर स्थित दुर्गा मंदिर दुर्गा चौक के भानेश्वर महादेव मंदिर में पवित्र सावन पर्व पर शिव जी महारूद्राभिषेक संबलपुर गणेश मंदिर के पुजारी पण्डित लालबहादुर मिश्रा के द्वारा किया गया। मंदिर में भगवान शिव का पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। भगवान का महारूद्राभिषेक प्रारंभ हुआ, जिसमें भगवान को दूध, दही, घी, शहद, भस्मी, भांग और जल से स्नान कराकर विधिवत शिव का महारूद्राभिषेक मंत्रोत्चार के साथ पूर्ण हुआ। पूरा मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से भरा रहा। दुर्गा मंदिर सेवा समिति के द्वारा श्रावण मास के सोमवार को शिवजी का अभिषेक कराया जाता है। महारूद्राभिषेक के उपरांत महाआरती एवं प्रसाद का वितरण किया गया। भानुप्रतापपुर में स्थित भानेश्वर महादेव मंदिर में पूरे सावन मास में भगवान शिव के भक्तों का तांता लगा रहता है। लगातार मंदिर में श्रद्वालु पंहुचते रहे और अपने अराध्य देवों के देव महादेव का पूजा में डूबे रहे। पूरा भानुप्रतापपुर भगवान की शिव की भक्ति में डूबा हुआ नजर आया।



## सशिमं में शिशु, बाल व कन्या भारती गठित



**अंतागढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर अंतागढ़ में सोमवार 21 जुलाई को प्राचार्य महेश कुमार भावसार की उपस्थिति में शिशु भारती बाल भारती एवं कन्या भारती का गठन किया गया, जिसमें शिशु भारती में अध्यक्ष अभय सिन्हा, उपाध्यक्ष दिव्यांशु कुर्रे, कोषाध्यक्ष ज्ञाप्ति साहू और लिकेश यादव को बनाया गया।

बाल भारती गठन में सेनापति अक्ष सिंह सोलंकी, उप सेनापति दीक्षा सहारे, अध्यक्ष ज्ञानेश्वर ठाकुर, सचिव गौतम उयके, सहसचिव रोशनी कुमेटी, अनुशासन प्रमुख तेजस यादव, हेतल, कोषाध्यक्ष भावेंद्र कोर्राम, ओजस्वी सलाम, गणित प्रमुख प्रांजल, विज्ञान प्रमुख कनिष्का यादव एवं विद्या यादव, जल प्रमुख मयंक गुप्ता, स्वच्छता प्रमुख राजन तिवारी, लेखा पारकर, वानवी दर्रो, स्वास्थ्य प्रमुख टिकेंद्र, नव्या कुर्रे, सांस्कृतिक प्रमुख डालिमा बघेल, आरोही, हेतल, कन्या भारती में अध्यक्ष दीक्षा सहारे, उपाध्यक्ष प्रज्ञा सोनवानी, सचिव रोशनी कुमेटी, कनिष्का यादव, कोषाध्यक्ष ओजस्वी सलाम रही।

## सेना के जवानों के लिए मेरा रक्षा सूत्र कार्यक्रम आयोजित

**चारामा।** एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग चारामा द्वारा सोमवार को मेरा रक्षा सूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी गंगा पोया ने बताया कि नगर व आसपास के क्षेत्रों से महतारी वंदन से लाभवंत्तित महिलाओं द्वारा हमारे देश के वीर जवानों के लिए रक्षा बंधन के अवसर के लिए राखी एकत्र किया गया है। जिला कलेक्टर के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवा दे रहे वीर जवानों तक पहुंचाया जाएगा। जिसके लिए सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नगर पंचायत चारामा के नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा, पार्षद अशोक सोनी, चंद्रिका देवांगन, पूर्व पार्षद सुभाष सोनकर, भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री भोज राज सोनी के द्वारा हरि झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से निर्मला नेताम, चितेश्वरी जैन, हर्ष लता जैकब, उषा गावड़े, सुनिता मंडावी, निर्मला उसेंडी, नीतू ध्रुव, रूखमणि लांगे, सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### सुरक्षा कर्मियों की प्रशिक्षण काउंसिलिंग 24 को होगी

**दुर्गूकोंदल।** सिक्योरिटी स्केल डेवलप्मेंट एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट के अंतर्गत जीएसएफ के तहत सुरक्षा कर्मी प्रशिक्षण निःशुल्क सुरक्षाकर्मी प्रशिक्षण के लिए 24 जुलाई को जनपद पंचायत की सभाकक्ष में 11 से 4 बजे तक काउंसलिंग का आयोजन किया गया, जिसमें इच्छुक युवक जो 18 वर्ष से अधिक उम्र के उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेज जैसे न्यूनतम योग्यता, फोटोग्राफ्स, आधार कार्ड एवं निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं एवं काउंसलिंग में शामिल हो सकते हैं। उक्त जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर ने दी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# मिचेसुखई में बच्चों को मिठाई खिलाकर धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**दुर्गूकोंदल।** ब्लाक के रोल मॉडल प्राइमरी व मिडिल स्कूल हल्बापारा मिचेसुखई में धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सभी सदस्यों, मिचेसुखई, वाटिनटोला, हल्बापारा के ग्रामीण पालकों व शिक्षकों की उपस्थिति में कक्षा पहली, तीसरी व छठवीं के नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर, तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित पालकों के हाथों स्कूल युनिफार्म व पाठ्यपुस्तकें भेंट की गईं। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को प्रेरित करते हुए समाज प्रमुख तीजूराम दुग्गा ने कहा कि सभी बच्चे नियमित रूप से पढ़ाई करें, अपने माता-पिता का कहना माने, अनुशासन में रहकर पढ़ाई करते हुए अपना व देश का नाम रोशन करें। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें शाला विकास से संबंधित कई प्रस्ताव पास हुए। शाला के समग्र विकास के लिए सभी पालकों ने प्रतिबध्दता दिखाई, जहाँ पर अपने स्कूली बच्चों के लिए नया ड्रेसकोड लागू करने प्रस्ताव पास किया ताकि स्कूली बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ सके, इसके अलावा बच्चों के लिए जूता-टाई व बेल्ट की व्यवस्था, स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए समुदाय की ओर से आर्थिक सहयोग देने, शाला में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने ,प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को पीटीएम मीटिंग आयोजन करने, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, रसोईया,स्वीपर की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाला प्रबंधन समिति के सदस्य ललित गोयल, रतनलाल खरे, गैंदलाल माहला, कलाबाई लेड़िया, सरिता गोयल, हीरालाल खरे, कंवलसिंह दुग्गा, सूरज दुग्गा, सदाराम उसेण्डी, जगतुराम गोयल, मनहर कल्लो, लखन उयके, बज्जूराम उयके, कार्तिक गोयल, सामनाथ नुरूटी, धनराज धनेलिया, अशोक गोयल, संतलाल उसेण्डी, रूपसिंह नुरूटी, कमलेश गोयल, हिरेसिंह खरे, अजीत कुमार, दिनेश ध्रुव, सोमनाथ नुरूटी, अमृताबाई खरे, सभी रसोईया कर्मचारी, शाला स्टाफ के सदस्य शिक्षक टेकेश्वर साहू, हंसाराम राना, विजेन्द्र साहू, रामकुमार कोमरे व स्कूली बच्चे उपस्थित रहें।



